Punjab News: कहीं आप भी तो नहीं खा रहे नकली पनीर? पटियाला में 1640 KG जब्त; स्वास्थ्य के लिए था बेहद हानिकारक

जागरण संवाददाता, पटियाला। पिछले दिनों में खाद्य सुरक्षा टीम पटियाला ने हरियाणा से जालंधर में आपूर्ति की जा रही 1640 किलोग्राम नकली पनीर राजपुरा में पकड़ा था।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ईशान बंसल और तरुण बंसल ने मौके पर पनीर के नमूने एकत्र किए और राज्य खाद्य प्रयोगशाला, खरड़ में उनकी जांच कराई। रिपोर्ट से पता चला कि यह पनीर नकली था और इसका सेवन मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

मानव स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए, इस नकली पनीर की पूरी खेप को नष्ट कर दिया गया। ईशान बांसल ने बताया कि सिविल सर्जन पटियाला डा.जगपालिंदर सिंह के आदेशानुसार लोगों को स्वच्छ भोजन उपलब्ध करवाने, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने तथा त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चेकिंग तेज कर दी गई है ।

Source: https://www.jagran.com/punjab/patiala-are-you-also-eating-fake-cheese-1640-kg-seized-in-patiala-it-was-extremely-harmful-for-health-23993384.html